University in News on 11 April 2022

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : पीजी में प्रवेश के लिए आवेदन आज से

एलयू ने जारी किया विस्तृत दिशा-निर्देश, विवि में 45 विषयों में पीजी की पढ़ाई होती

माई सिटी रिपोर्टर

अमर उजाला मिशन एडमिशन

लखनऊ। स्नातक प्रवेश के आवेदन शुरू होने के एक सप्ताह बाद लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन 11 अप्रैल से परास्नातक कोर्सों के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू करेगा। विश्वविद्यालय में लगभग 45 विषयों में पीजी की पढ़ाई होती है। इसके लिए भी प्रवेश परीक्षा के जरिए प्रवेश मिलेंगे। रविवार को इसका विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिया गया।

विवि प्रशासन ने बताया कि केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत विवि अपनी प्रवेश प्रक्रिया सोमवार दोपहर बाद से शुरू कर रहा है। इसके अंतर्गत विद्यार्थी एमए, एमएससी, एमकॉम, एलएलबी, एलएलएम, एमबीए फाइन आर्ट्स, बैचलर इन लाइब्रेरी साइंस, मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस व आचार्य आदि के आवेदन कर सकेंगे।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि परास्नातक कोर्सों का आवेदन फार्म शुल्क सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस के लिए 1000 रुपये व अनुसूचित जाति-जनजाति, दिव्यांग के लिए 500 रुपये है।

प्रवेश आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जून है। साथ ही लविवि ने परास्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों एमबीए, एमटीटीएम के लिए भी ऑनलाइन प्रवेश आवेदन शुरू कर रहा है। इसके लिए सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस के अभ्यर्थियों के लिए शुल्क 1600 रुपये, अनुसूचित जाति-जनजाति व दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 800 रुपये निर्धारित किया गया है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून है। आवेदन से संबंधित विवरण विवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर है। विद्यार्थी इसे पढ़कर ही प्रवेश आवेदन फार्म भरें।

लविवि के साथ ही सोमवार से नेशनल पीजी कॉलेज व शिया पीजी कॉलेज में भी यूजी-पीजी प्रवेश आवेदन शुरू हो रहे हैं। नेशनल पीजी कॉलेज प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बीए की 440 सीटों, बीकॉम की 550 सीटों, बीएससी मैथ्स की 250, बीएससी बायो की 100, एमकॉम की 100, एमए भूगोल की 60, मानव विज्ञान की 35, मनोविज्ञान की 40, अंग्रेजी की 60, राजनीतिशास्त्र की 60 व अर्थशास्त्र की 60 सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन 11 अप्रैल से किए जा सकेंगे।

शिया पीजी के भी आवेदन शुरू होंगे

शिया पीजी कॉलेज में सत्र 2022-23 के स्नातक तथा परास्नातक कोर्सों में नए सत्र 2022-23 के प्रवेश आवेदन 11 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। कॉलेज में स्नातक स्तर पर बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए तथा स्नातकोत्तर स्तर पर एमए, एमएससी, एमकॉम, एलएलबी कोर्स चलते हैं। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। निदेशक प्रवेश समिति डॉ. मिर्जा मोहम्मद अबु तैय्यब ने बताया कि अभी केवल ऑनलाइन आवेदन होंगे। इंटर का रिजल्ट आने के बाद ऑफलाइन फॉर्म भी कॉलेज से वितरित किए जाएंगे। विद्यार्थी हेल्प डेस्क के माध्यम से अपने फार्म भर सकेंगे। यूजी पाठ्यक्रम के प्रवेश फॉर्म का शुल्क 750 रुपये तथा परास्नातक व विधि का 850 रुपये है।

लुआक्मैट के भी आवेदन शुरू होंगे

लखनऊ विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक के प्रोफेशनल कोर्सों बीबीए, बीबीए एमएस, बीबीए टूरिज्म, बीसीए, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीजेएमसी, बीबीए आईबी, बीवोक कोर्सों के लिए भी प्रवेश आवेदन भी 11 अप्रैल से ही शुरू होंगे। इनमें प्रवेश नेशनल पीजी कॉलेज की ओर से आयोजित की जा रही संयुक्त प्रवेश परीक्षा लुआक्मैट के जरिए होंगे। लुआक्मैट में इस बार 15 कॉलेज शिरकत कर रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई है। विस्तृत जानकारी नेशनल पीजी कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

बीजेएमसी व योगा की परीक्षाएं 18 से

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने रविवार को भी स्नातक व परास्नातक कोर्सों की पहले सेमेस्टर की परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया। इसके अनुसार बीजेएमसी पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से 27 अप्रैल के बीच और एमजेएमसी पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 19 से 28 अप्रैल के बीच सुबह 09 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएंगी।

बीए-बीएससी योगा पहले सेमेस्टर नियमित, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट की परीक्षाएं 18 से 29 अप्रैल तक, पीजी डिप्लोमा नैचुरोपैथी साइंस एंड योगा की पहले सेमेस्टर की बैक पेपर, छूटे छात्रों व इंप्रूवमेंट की परीक्षाएं 18 से 30 अप्रैल तक, एमए-एमएससी योगा पहले सेमेस्टर की नियमित, बैक पेपर व इंप्रूवमेंट की परीक्षाएं 18 से 29 अप्रैल तक और पीजी डिप्लोमा इन योगा पहले सेमेस्टर की नियमित, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट व छूटे छात्रों की परीक्षाएं 18 से 30 अप्रैल तक होंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीए ऑनर्स इंग्लिश पहले सेमेस्टर की बैक पेपर, छूटे छात्रों व इंप्रूवमेंट की परीक्षाएं 19 से 23 अप्रैल तक, बीए ऑनर्स सब्सिडरी इंग्लिश पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा 25 अप्रैल को प्रस्तावित है। मास्टर ऑफ सोशल वर्क सीबीसीएस पहले सेमेस्टर की परीक्षा 18 से 29 अप्रैल तक, मास्टर ऑफ सोशल वर्क पहले सेमेस्टर की बैक पेपर, इंप्रूवमेंट व छूटे छात्रों की परीक्षाएं 18 से 27 अप्रैल तक, एमए इन पॉपुलेशन एजुकेशन एंड रूरल डेवलपमेंट सीबीसीएस पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से 29 अप्रैल तक, एमए इन क्रिमनोलॉजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन सीबीसीएस पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से 29 अप्रैल तक सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएंगी। वहीं, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी मेडिसिन सीबीसीएस पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से 29 अप्रैल तक, पीजी डिप्लोमा इन सोशल ड्यूटीज एंड ह्यूमन राइटस पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से 25 अप्रैल तक होंगी। एमए साइकोलॉजी पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से 25 अप्रैल तक दोपहर दो से पांच बजे तक , बीपीएड पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 से 29 अप्रैल तक और एमपीएड पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 से 27 अप्रैल के बीच आयोजित की जाएंगी। इसी क्रम में एमए-एमआईएच सीबीसीएस पहले सेमेस्टर की नियमित, बैक पेपर, छूटे छात्रों व इंप्रूवमेंट की परीक्षा 21 से 27 अप्रैल तक और एमए कंपोजिट हिस्ट्री सीबीसीएस पहले सेमेस्टर की नियमित, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट व छूटे छात्रों की परीक्षा 19 व 22 अप्रैल को आयोजित की जाएंगी। जबकि एमएससी कंप्यूटर साइंस पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 19 से 25 अप्रैल तक दोपहर दो से पांच बजे तक आयोजित होंगी।

लविवि ने आधा दर्जन कोर्सों का जारी किया शेड्यूल

लॉ की परीक्षाएं आज से, कक्षाओं का समय बदला

लखनऊ। लखनऊ विवि की एलएलबी तीन वर्षीय और पांचवर्षीय पाठ्यक्रम की पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 अप्रैल से शुरू हो रही हैं। सभी परीक्षाएं शाम की पाली में दोपहर दो से पांच बजे तक आयोजित की जाएंगी। डीन लॉ प्रो. सीपी सिंह ने बताया कि ऐसा इसलिए किया गया है ताकि क्लास नियमित चलती रहें।

एलएलबी तीन व पांच वर्षीय पाठ्यक्रम की पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से

उन्होंने बताया कि अब एलएलबी पांचवर्षीय पाठ्यक्रम की चौथे, छठे, आठवें और दसवें सेमेस्टर की कक्षाएं सुबह आठ बजे से और तीन वर्षीय पाठ्यक्रम की चौथे और छठे सेमेस्टर की सुबह नौ बजे से शुरू होंगी। सभी छात्रों को 12:30 बजे तक परिसर खाली करना होगा। परीक्षाओं की समाप्ति पर फिर से पुराने टाइम टेबल, जो पहले से चल रहा था उसके अनुसार कक्षाएं चलेंगी। परीक्षा के दौरान केवल परीक्षार्थी ही कैंपस में रहेंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 5

एलयू के 4 विद्यार्थी बने सहायक प्रफेसर

■ **एनबीटी, लखनऊ :** यूपी उच्च शिक्षा चयन आयोग की ओर से हाल ही में घोषित नतीजों में एलयू के चार विद्यार्थियों का चयन सहायक प्रफेसर के पद पर हुआ है। इनमें शारीरिक शिक्षा विभाग के अमित सिंह, प्रिंस विशाल दीक्षित, आतिश शर्मा व सांख्यिकी विभाग के शोध छात्र गोपाल कृष्ण तिवारी शामिल हैं। चयन का श्रेय विद्यार्थियों ने शिक्षकों और माता-पिता को दिया है।

HINDUSTAN PAGE 6

पीजी की प्रवेश प्रक्रिया 11, बीए आनर्स की परीक्षा 19 अप्रैल से

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। एलयू में पीजी में प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन 11 अप्रैल से शुरू हो रही है। विश्वविद्यालय के एमए, एमएससी, एमकॉम, मास्टर्स, एलएलबी, एलएलएम, एमबीए , आचार्य में सोमवार से वेबसाइट lkouniv.ac.in पर आवेदन किया जा सकता है।

आवेदन फार्म की फीस सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस के लिए एक हजार रुपए शुल्क देना होगा। वहीं अनुसूचित जाति-जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थी के लिए 500 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। एमबीए और एमटीटीएम में सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्लूएस के लिए 1600 एवं अनुसूचित जाति-जनजाति एवं दिव्यांग के लिए 800 रुपए फीस तय की है।

पीजी परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी

पीजी स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया गया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षाएं 18 अप्रैल से होंगी। बीजेएमसी और एमजेएमसी प्रथम सेमेस्टर परीक्षा18 अप्रैल से और बीए आनर्स की परीक्षा 19 से है।

लेख लिखने में एलयू के छात्र विजेता बने

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की ओर से हो रहे डा. आरयू सिंह मेमोरियल नेशनल लिटरेरी इवेंट का समापन रविवार को ऑनलाइन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ एलपी मिश्रा मौजूद रहे। इवेंट के दौरान आर्टिकल राइटिंग प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र स्वराज शुक्ला एवम आरजू नायब प्रथम स्थान पर रहे।

एलयू के तीन पूर्व छात्र असिस्टेंट प्रोफेसर बने

लखनऊ। उच्च शिक्षा चयन आयोग द्वारा घोषित परिणामों में एलयू के तीन पूर्व छात्र अमित सिंह, विशाल दीक्षित एवं आतिश समेत सांख्यिकी विभाग में पीएचडी छात्र गोपाल कृष्ण का चयन सहायक प्रोफेसर के पद पर हुआ है। अमित सिंह को परीक्षा में प्रदेश में पहला स्थान मिला है। चयनित छात्रों ने चयन का श्रेय छात्रों ने अपने शिक्षकों और माता पिता को दिया।

i-NEXT PAGE 2

एलयू में एडमिशन के लिए 10 जून तक आवेदन

पीजी कोर्स में एडमिशन के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी में आवेदन आज से

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (10 Apr): लखनऊ यूनिवर्सिटी में पीजी कोर्सेज में एडमिशन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो जाएगी. दोपहर 12 बजे से यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एमए, एमएससी, बीकॉम, एलएलबी, एलएलएम समेत एक दर्जन विषयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी. आवेदन फॉर्म फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 जून है. छात्रों को आवेदन के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाना होगा.

नहीं बढ़ी आवेदन फीस

आवेदन के लिए यूनिवर्सिटी की ओर से पूर्व में निर्धारित फीस ही जमा करनी होगी. पोस्ट ग्रेजुएट आवेदन फार्म की फीस सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 1000 रुपए अनुसूचित जाति, जनजाति व दिव्यांग के लिए 500 रुपए है.

मैनेजमेंट कोर्स में एडमिशन

पोस्ट ग्रेजुएट मैनेजमेंट पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी. प्रवेश फार्म आनलाइन जारी किए जा रहे हैं. आवेदन फार्म की फीस सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 1600 रुपये, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं दिव्यांग के लिए 800 रुपये निर्धारित है. फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 जून है. परास्नातक के लिए **आवेदन फीस :** सामान्य, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के लिए 1000 रुपये, एससी-एसटी व दिव्यांग के लिए 500 रुपए है.

इन विषयों के लिए आवेदन

एमए, एमएससी, एमकाम, मास्टर्स, एलएलबी, एलएलएम, एमबीए (फाइन आर्ट्स), बीएलआइएससी, मास्टर आफ लाइब्रेरी साइंस, आचार्य, एमबीए, मास्टर आफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट (एमटीटीएम)

नोट- सीटों की संख्या : 4,095

एलएलबी-एलएलएम फर्स्ट सेमेस्टर एग्जाम आज से

एग्जाम के साथ लॉ स्टूडेंट्स की क्लासेस भी चलेंगी

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (10 Apr): लखनऊ यूनिवर्सिटी में 11 अप्रैल से एलएलबी थ्री इयर फर्स्ट सेमेस्टर और एलएलएम फर्स्ट सेमेस्टर परीक्षा शुरू होगी. वहीं, एलएलबी ईटीग्रेटेड फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम 12 अप्रैल से होंगे. दोनों एग्जाम्स के लिए 17 केंद्र बनाए गए हैं. स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर अपना परीक्षा केंद्र देख सकते हैं. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि 17 परीक्षा केंद्रों में 39 लॉ कालेजों के स्टूडेंट्स एग्जाम देंगे. इन सभी के एडमिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिसके साथ पहचान पत्र लेकर आना होगा. इस दौरान मोबाइल, बैग वगैरह प्रतिबंधित रहेगा. यूनिवर्सिटी के डीन लॉ प्रो. सीपी सिंह ने बताया कि एग्जाम की तैयारी पूरी कर ली गई है. एलएलबी थ्री इयर फर्स्ट सेमेस्टर और एलएलएम फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम सोमवार दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगे. परिसर में करीब 450 स्टूडेंट्स एग्जाम में शामिल होंगे.

सुबह से होंगी क्लासेस

एलएलबी थ्री इयर व फाइव इयर के स्टूडेंट्स को एलयू ने निर्देश जारी कर कहा है कि लॉ के सभी एग्जाम शाम की पाली में हैं, इसके साथ ही शिक्षण कार्य भी चलता रहेगा. इसके लिए सभी स्टूडेंट्स को नया टाइम टेबल जारी कर उनके व्हाट्सऐप ग्रुप पर डाल दिया गया है. एग्जाम्स के चलते समय में थोड़ा परिवर्तन किया गया है. डीन लॉ प्रो. सीपी सिंह ने बताया कि अब एलएलबी फाइव इयर के चौथे, छठे, आठवें और दसवें सेमेस्टर की क्लासेस सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ होंगी और एलएलबी थ्री इयर कोर्स के चौथे और छठे सेमेस्टर की क्लासेस 9:00 बजे से शुरू होंगी. सभी छात्रों को 12:30 बजे तक कैम्पस खाली करना होगा, ताकि एग्जाम सुचारू रूप से संचालित किए जा सकें.

19 अप्रैल से बीए आनर्स एग्जाम

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने घोषित किया एग्जाम प्रोग्राम

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (10 Apr): परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एमपीएड, एमए, एमएसी फर्स्ट सेमेस्टर के साथ-साथ बीए आनर्स, बीपीएड बीए, बीएससी योग फर्स्ट सेमेस्टर परीक्षाओं का भी कार्यक्रम जारी कर दिया गया है. मास्टर ऑफ सोशल वर्क सीबीसीएस फर्स्ट सेमेस्टर, मास्टर ऑफ सोशल वर्क एग्जेम्प्टेड, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट फर्स्ट सेमेस्टर, एमए इन पापुलेशन एजुकेशन एंड रूरल डेवलपमेंट सीबीसीएस फर्स्ट सेमेस्टर, एमए इन क्रिमिनोलॉजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन सीबीसीएस फर्स्ट सेमेस्टर, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी मेडिसिन सीबीसीएस फर्स्ट सेमेस्टर और पीजी डिप्लोमा इन सोशल ड्यूटीज एंड ह्यूमन राइट्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से 29 अप्रैल तक होंगी।

PIONEER PAGE 3

लविवि एलएलबी की परीक्षाएं आज से

● **बनाए गए 17 परीक्षा केन्द्र**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सेमेस्टर परीक्षाओं के बीच सोमवार से एलएलबी त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम की परीक्षा शुरू होगी। परीक्षाओं के लिए 17 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जबकि एलएलबी इंटीग्रेटेड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 अप्रैल से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि 17 परीक्षा केंद्रों में 39 विधि कालेजों के छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। इन सभी के प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र और पहचान पत्र लेकर आना होगा। किसी भी तरह का मोबाइल, बैग आदि प्रतिबंधित रहेगा। विश्वविद्यालय के डीन ला प्रोफेसर सीपी सिंह ने बताया कि परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। सोमवार से एलएबी तीन वर्षीय प्रथम सेमेस्टर और एलएलएम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी। विवि परिसर में करीब साढ़े चार सौ परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि शाम की पाली में परीक्षाएं इसीलिए रखी गई हैं ताकि शिक्षण कार्य भी चलता रहे इसलिए नया टाइम टेबल व्हाट्सएप ग्रुप पर डाल दिया गया है। परीक्षाओं के कारण थोड़ा समय में परिवर्तन किया गया है। अब एलएलबी पंचवर्षीय पाठ्यक्रम की चतुर्थ, छठे, आठवें और दसवें सेमेस्टर की कक्षाएं प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी और एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम की चौथे और छठे सेमेस्टर की कक्षाएं प्रातः नौ बजे से प्रारंभ होगी। सभी छात्रों को हर स्थिति में दोपहर 12:30 बजे तक परिसर खाली कर देना है ताकि शिक्षण कार्य के साथ-साथ परीक्षाएं भी सुचारू रूप से संचालित की जा सकें। परीक्षाओं की समाप्ति पर पुनः नया टाइम टेबल जो पहले से चल रहा था उसके अनुसार कक्षाएं चलेंगी। परीक्षा के दौरान केवल परीक्षार्थी परीक्षा के लिए कैम्पस में रहेंगे और कोई अन्य छात्र इस दौरान परिसर में नहीं रहेगा।

उच्च शिक्षा चयन आयोग के परिणाम में चमके लविवि के छात्र : उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा चयन आयोग द्वारा हाल ही में घोषित परिणामों में लखनऊ विश्वविद्यालय के चार छात्रों का चयन सहायक प्रोफेसर के पद पर हुआ है । इनमें शारीरिक शिक्षा विभाग के अमित सिंह, प्रिंस विशाल दीक्षित, आतिश शर्मा और सांख्यिकी विभाग के शोध छात्र गोपाल कृष्ण तिवारी शामिल हैं। छात्रों ने चयन का श्रेय अपने शिक्षकों और माता-पिता को दिया। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी सफल छात्रों को बधाई व शुभकामनाएं दी। लविवि के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभी उच्च शिक्षा चयन आयोग के साक्षात्कार चल रहे हैं और जल्द ही कई अन्य विषयों के परिणाम अपेक्षित हैं।

लविवि ने जारी किए पीजी स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं में कई पाठ्यक्रमों के कार्यक्रम : परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमपीएड, एमए, एमएसी प्रथम सेमेस्टर के साथ-साथ बीए आनर्स, बीपीएड बीए, बीएससी योग प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षाएं सुबह और शाम की पाली में होंगी। मास्टर आफ सोशल वर्क (सीबीसीएस) प्रथम सेमेस्टर, मास्टर आफ सोशल वर्क (एग्जेम्प्टेड, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट) प्रथम सेमेस्टर, एमए इन पापुलेशन एजुकेशन एंड रूरल डेवलपमेंट (सीबीसीएस) प्रथम सेमेस्टर, एमए इन क्रिमिनोलाजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन (सीबीसीएस) प्रथम सेमेस्टर, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ कंप्युनिटी मेडिसिन (सीबीसीएस) प्रथम सेमेस्टर और पीजी डिप्लोमा इन सोशल ड्यूटीज एंड ह्यूमन राइट्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से 29 अप्रैल तक होंगी। बीजेएमसी और एमजेएमसी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से 29 अप्रैल तक होंगी। वहीं, एलएलबी, एलएलएम प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं आज से शुरू होंगी। डीन लॉ प्रो. सीपी सिंह ने बताया कि ऐसा इसलिए किया गया है ताकि क्लास नियमित चलती रहें।

THE PIONEER PAGE 4

LU STUDENTS SELECTED FOR POST OF ASST PROFESSOR

In the results announced recently by Uttar Pradesh Higher Education Selection Commission, four students have been selected for the post of assistant professor. They include Amit Singh, Prince Vishal Dixit, Aatish Sharma from Physical Education department and Gopal Krishna Tiwari, a research student from Statistics department. LU Vice-Chancellor AK Rai congratulated them while DSW Poonam Tandon said the interviews of Higher Education Selection Commission are going on and results of many other subjects are expected soon.

JAGRAN CITY PAGE I

एक नजर में

को-करिकुलर विषय की परीक्षा आज

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएससी और बीकॉम की को-करिकुलर विषय की थ्योरी आधारित परीक्षाओं को लेकर नोटिस जारी किए हैं। इन विषय में थ्योरी आधारित सभी खेल के विषयों का एक प्रश्नपत्र होगा। इस प्रश्नपत्र का शीर्षक को-करिकुलर (खेल का नाम) अंकित किया जाएगा। खेल को चयनित करने वाले अभ्यर्थियों को खेल से संबंधित प्रश्न का उत्तर देना होगा। (प्रतिनि.)

सहायक प्रोफेसर चयनित

लखनऊ : उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा चयन आयोग की ओर से हाल ही में घोषित परिणामों में लखनऊ विश्वविद्यालय के तीन छात्रों का चयन सहायक प्रोफेसर के पद पर हुआ है। इनमें शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रिंस विशाल दीक्षित, आतिश शर्मा और सांख्यिकी विभाग के शोध छात्र गोपाल कृष्ण तिवारी शामिल हैं। (जाग)

निकालेंगे शांति मार्च

लखनऊ : लखनऊ क्रिश्चियन कालेज एवं सेंटमेरी इंटर कालेज की करोड़ों की सम्पत्ति पर कब्जा करने वाले शिक्षा माफिया के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर आज माध्यमिक शिक्षक संघ आंदोलन करेगा। संघ के प्रदेशीय मंत्री डा. आरयू मिश्रा ने रविवार को क्वीन्स कालेज परिसर स्थित कार्यालय में प्रेसवार्ता में बताया कि 21 अप्रैल को शाम 4.30 बजे शहीद स्मारक स्थल से महाशुद्धता कार्यालय तक शांति मार्च निकाला जाएगा। (जाग)

एम.ए योग 18 और बी.पीएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षा 23 से

परास्नातक प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी

बाराबंकी, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एम.पीएड, एम.ए, एम.एसी प्रथम सेमेस्टर के साथ-साथ बी.ए आनर्स, बी.पीएड बीए, बी.एससी योग प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं का भी कार्यक्रम जारी कर दिया। इसका विस्तृत कार्यक्रम वेबसाइट www.lkouniv.ac.in/ अपलोड किया जा रहा है।

यह है परीक्षा कार्यक्रम

बीपीएड प्रथम सेमेस्टर-23 अप्रैल

- हिस्ट्री आफ प्रिंसिपल्स एंड फाउंडेशन आफ फिजिकल एजुकेशन, 25 अप्रैल-एनाटामी एंड साइकोलाजी, 27 अप्रैल-हेल्थ एजुकेशन एंड एंवायरमेंटल स्टडीज, 29 अप्रैल-आर्किटेक्टिंग एंड कोचिंग

एमपीएड प्रथम सेमेस्टर

- 23 अप्रैल-रिसर्च प्रोसेस इन फिजिकल एजुकेशन, 25 अप्रैल-साइकोलाजी आफ एक्सरसाइज, 27 अप्रैल-बेसिक साइंसेस

एमए साइकोलाजी प्रथम सेमेस्टर

- 18 अप्रैल-कग्निटिव साइकोलाजी, 20 अप्रैल-नोटिफेशन एंड इमोशन : नेचर एंड क्लासिफिकेशन, 22 अप्रैल-प्रिंसिपल्स आफ रिसर्च, 25 अप्रैल-परफार्मेंस एंग्जाइटी मैनेजमेंट

एमएससी कंप्यूटर साइंस प्रथम सेमेस्टर-19 अप्रैल-डेटा बेस, 21 अप्रैल-डेटा वेयर हाउस एंड डेटा माइनिंग, 23 अप्रैल-थ्योरी आफ कंप्यूटेशन, 25 अप्रैल-प्रोजेक्ट मैनेजमेंट।

बीए, बीएससी योग प्रथम सेमेस्टर

- 18 अप्रैल-फाउंडेशन आफ योग, 20 अप्रैल-स्पून्यन एनाटामी एंड फिजियोलाजी-1, 22 अप्रैल-योग प्रैक्टिकम-1, 25 अप्रैल-एनाटामी एंड फिजियोलाजी प्रैक्टिकम-1, 27 अप्रैल-एंग्लासरोंटल स्टडीज एंड योग, 29 अप्रैल-प्रैक्टिस आफ योगासन (को-करिकुलर)।

पीजी डिप्लोमा नेचुरोपैथी साइंस एंड योग (एक आन) प्रथम सेमेस्टर (बैक पेपर, इंप्रूवमेंट, कम्पलीट)

- 18 अप्रैल-बेसिक प्रिंसिपल्स एंड फिजियोलाजी आफ नेचुरोपैथी, 20 अप्रैल-एलेंट्री एनाटामी फिजियोलाजी एंड पैथोलाजी, 22 अप्रैल-थेरेपी एन्ड्यूवड इन नेचर केयर, 25 अप्रैल-फिजियोलाजी एंड प्रिंसिपल्स आफ योग, 27 अप्रैल-सोशल कल्चर ट्रायनेशन आफ हेल्थ, 30 अप्रैल-प्रैक्टिकल एंड वायवा वाइस।

एमए एमएसी योग प्रथम सेमेस्टर

- 18 अप्रैल-फंडामेंटल्स आफ बायोमेक साइंस, 20 अप्रैल-ह्यूमन एनाटामी एंड फिजियोलाजी, 22 अप्रैल-योग थ्योरी एंड प्रैक्टिस-1, 25 अप्रैल-इंडियन फिलासफी एंड योग, 27 अप्रैल-पतंजलि योग दर्शन, 29 अप्रैल-योग एंड मेंटल हेल्थ।

बीए आनर्स इंग्लिश प्रथम सेमेस्टर

- 19 अप्रैल-हिस्ट्री आफ इंग्लिश लिटरेचर, 21 अप्रैल-पोयट्री, 23 अप्रैल-ड्रामा

पीजी डिप्लोमा योग प्रथम सेमेस्टर

- 18 अप्रैल-फाउंडेशन आफ योग, 20 अप्रैल-पतंजलि योग दर्शन, 29 अप्रैल-प्रैक्टिस आफ योगासन।

इनकी परीक्षा तिथि तय

मास्टर आफ सोशल वर्क (सीबीसीएस) प्रथम सेमेस्टर, मास्टर आफ सोशल वर्क (एजेम्प्टेड, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट) प्रथम सेमेस्टर, एमए इन पापुलेशन एजुकेशन एंड रूरल डेवलपमेंट (सीबीसीएस) प्रथम सेमेस्टर, एमए इन क्रिमिनोलाजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन (सीबीसीएस) प्रथम सेमेस्टर, मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी मेडिसिन (सीबीसीएस) प्रथम सेमेस्टर और पीजी डिप्लोमा इन सोशल ड्यूटीज एंड ह्यूमन राइट्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से 29 अप्रैल तक होंगी। इसके अलावा बीजेएमसी और एमजेएमसी प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं 18 अप्रैल से शुरू हो जाएंगी।

प्रतियोगिता में स्वराज और आरजू प्रथम

लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की ओर से आयोजित पांचवें डा. आरयू सिंह मेमोरियल नेशनल लिटरेरी वर्चुअल कार्यक्रम का समापन रविवार हुआ। इस दौरान आर्टिकल लेखन प्रतियोगिता के परिणाम भी जारी किए गए। इनमें लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र स्वराज शुक्ला एवं आरजू नायब प्रथम स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के वरिष्ठ अधिवक्ता डा. एलपी मिश्रा ने कहा कि कर्म ही व्यक्तित्व को निखारने का सर्वश्रेष्ठ साधन है। विधि संकाय के अध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह ने भी विचार रखे।

22 अप्रैल-एलिमेंट्री, एनाटामी एंड फिलासफी, 25 अप्रैल-फिलासफी आफ नेचुरोपैथी, 27 अप्रैल-प्रैक्टिस आफ योग, 30 अप्रैल-प्रैक्टिकल एंड वायवा वाइस।

लवि, नेशनल व शिया पीजी कालेज में आवेदन आज से

बाराबंकी, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ नेशनल पीजी कालेज और शिया पीजी कालेज में प्रवेश के लिए भी आनलाइन आवेदन सोमवार से शुरू होंगे। तीनों जगह प्रक्रिया पूरी तरह से आनलाइन होगी। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। विश्वविद्यालय एवं कालेजों की ओर से वेबसाइट पर प्रवेश प्रक्रिया का विवरण अपलोड किया जा रहा है।

लखनऊ विश्वविद्यालय

आनलाइन आवेदन 11 अप्रैल से 10 जून तक

**आनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट : www.lk